an>

Title: Regarding need to provide sewerage system in Sahajahanpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्रीमती कृष्णा राज (शाहजहाँपुर): नदियों में बढ़ते प्रदूषण की समस्या जिले में सीवर लाइन की अनुपलब्धता इसका एक मुख्य कारण है। हमारी सरकार राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन जैसे कार्यक्रम का संचालन कर रही है, दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में सीवर लाइन उपलबध न होने के कारण अवशिष्ट तथा मलयुक्त जल पूरे शहर में जहां-तहां फैला रहता है जिसके कारण विभिन्न प्रकार की बीमारियाँ पनपती रहती हैं, साथ ही शहर की सीवेज का जहरीला जल बिना शोधित किये सीधे नदियों में गिराया जा रहा है जिससे नदी के जल के साथ-साथ भू-गर्भीय जल भी पीने योग्य नहीं बचा है। हमारे संसदीय क्षेत्र शाहजहाँपुर में एक संस्था " पृथ्वी " साइन्टिफिक एसोसियेशन के सहयोग से किए गए अध्ययन में विगत दिनों जल में प्रदूषण की तथा खतरनाम रसायनों की मात्रा स्वीकृत मानकों से अधिक पायी गयी तथा सम्पूर्ण जल आर्सेनिक तत्वों से युक्त पाया गया जो जन-जीवन के साथ-साथ साग-सब्जियों एवं खाद्यान्नों के लिए हानिकारक है।

अतः मैं भारत सरकार से यह निवेदन एवं माँग करती हूँ कि मेरे जनपद शाहजहाँपुर में नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में सीवर लाइन बिछाने के साथ ही गंदे जल के निस्तारण के लिए शोधन यंत्र लगाये जाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।